सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु

सिद्धार्थनगर- 272202 उ०प्र० (भारत)

Website :www.suksn.edu.in, Email Id: sidunikapilvastu@gmail.com

संशोधित अधिसूचना

विश्वविद्यालय के पत्रांक–351 / कु0का0 / सि0वि0वि0 / 2020 दिनांक 05.11.2020 के द्वारा प्री0 पी–एच0डी0 कोर्स वर्क सत्र 2020–21 (वर्ष 2020) की परीक्षा तिथि दिनांक 19.11.2020, 21.11.2020 एवं 22.11.2020 निर्धारित की गई थी परन्तु छठ् पूजा तथा सी0एस0आई0आर0 की परीक्षा के दृष्टिगत छात्रहित में मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार उक्त तिथि को संशोधित करते हुए नवीन तिथि 27.11.2020, 28.11.2020 एवं 29.11.2020 निर्धारित की जाती है। प्री0 पी–एच0डी0 कोर्स वर्क सत्र 2020–21 (वर्ष 2020) की परीक्षा निम्नलिखित परीक्षा कार्यक्रम एवं प्रारूप के अनुसार सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर के कला संकाय पर सम्पन्न होगी।

(1) परीक्षा दो प्रश्न पत्रों की होगी :

(अ) प्रथम प्रश्न पत्र शोध प्राविधि की होगी जिसका पूर्णांक 100 होगा; जिसमें 60 अंक की लिखित परीक्षा होगी तथा 40 अंक 'साहित्य की समीक्षा' (Review of Literature) हेतु निर्धारित है। विद्यार्थी जिस विषय पर शोध कार्य करने को इच्छुक है उससे सम्बन्धित विगत शोध एवं उस विषय पर उपलब्ध सामग्रियों की समीक्षा उसे जमा करना होगा जिसका मूल्यांकन 40 अंकों के अन्तर्गत किया जायेगा।

(ब) द्वितीय प्रश्न पत्र कम्प्यूटर एप्लीकेशन का होगा जिसमें 40 अंकों की लिखित परीक्षा 60 अंकों की प्रयोगात्मक परीक्षा होगी जिसमें 10 असाइनमेण्ट दिये जायेंगे और उसी पर एवं मौखिकी परीक्षा के आधार पर उपर्युक्त अंक के अन्तर्गत मूल्यांकन होगा।

(2) परीक्षा कार्यक्रम :

क्र0सं0	प्रश्न पत्र का नाम	लिखित परीक्षा 12.00 बजे (मध्याह्न) से 03.00 बजे अपराह्न तक	प्रयोगात्मक परीक्षा
1.	प्रथम प्रश्न – रिसर्च मेथोडोलॉजी	27.11.2020	–
2.	द्वितीय प्रश्न पत्र– कम्प्यूटर एप्लीकेशन	28.11.2020	–
3.	द्वितीय प्रश्न पत्र– कम्प्यूटर एप्लीकेशन प्रयोगात्मक (**प्रथम बैच**) (भौतिकी, रसायन, प्राणि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित, संस्कृत, प्राचीन इतिहास, वाणिज्य विषयों का)	29.11.2020	09.00 बजे प्रातः से 11.00 बजे पूर्वाह्न तक
4.	द्वितीय प्रश्न पत्र–कम्प्यूटर एप्लीकेशन प्रयोगात्मक (**द्वितीय बैच**) (अर्थशास्त्र, हिन्दी एवं समाजशास्त्र विषयों का)	29.11.2020	11:30 बजे पूर्वाह्न से 01:30 बजे अपराह्न तक
5.	द्वितीय प्रश्न पत्र–कम्प्यूटर एप्लीकेशन प्रयोगात्मक (**तृतीय बैच**) (राजनीति विज्ञान, शिक्षाशास्त्र एवं भूगोल विषयों का)	29.11.2020	02:00 बजे अपराह्न से 04:00 बजे सायंकाल तक

(3) अनिवार्य 1– ***प्रत्येक शोधार्थी को कुलसचिव, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर को सम्बोधित इस आशय का नोटरी शपथ पत्र देना होगा कि उसने विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध शोध सामग्री का विधिवत अध्ययन कर लिया है तथा WhatsApp समूह पर अपने विषय से सम्बन्धित शिक्षक से विषयगत समस्याओं का निदान कर पाठ्यक्रम अध्ययन पूर्ण कर लिया है एवं कम्प्यूटर एप्लीकेशन से सम्बन्धित Assignment का प्रयोगात्मक स्वयं कर लिया है क्योंकि कोरोना महामारी के दृष्टिगत इसकी ऑफ लाइन व्यवस्था सम्भव न थी।***

(4) अनिवार्य 2– **प्रत्येक शोधार्थी को वह जिस शोध निर्देशक के निर्देशन में शोध कार्य करना चाहता है उससे एक सहमति पत्र भी प्रथम प्रश्न पत्र परीक्षा के दिन जमा करना होगा। शोध निर्देशकों की सूची, उपलब्ध स्थानों की संख्या (वर्गवार) तथा सहमति पत्र का प्रारूप अतिशीघ्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा।**

कुलसचिव

पत्रांक:365 / कु0का0 / सि0वि0वि0 / 2020 — दिनांक 07 / 11 / 2020

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2– समन्वयक / सह–समन्वयक, प्री0 पी–एच0डी0 कोर्स वर्क सत्र 2020–21।
3– वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4– अधिष्ठाता, कला / विज्ञान / शिक्षा / वाणिज्य, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
5– सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र, अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कृपया उक्त सूचना को अपने सम्मानित समाचार पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
6– प्रभारी, कोडिंग सेल, को इस आशय से प्रेषित कि कृपया इसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करें।
7– गार्ड फाइल में संरक्षित करने हेतु।

कुलसचिव